तापमान

अधिकतम 26.8 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 14 फरवरी 2026



12 हरियाणवी नृत्य पर छात्रों ने मचाया धमाल ...





12 मनुष्य बाहरी साधनों में सुख खोजते-खोजते स्वयं को ...




## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड बैंक मैनेजर से ठगे 17 लाख रुपये

**यमुनानगर।** व्यापार में पैसे डबल करने का लालच देकर रिटायर्ड बैंक मैनेजर से 17 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर उसे पिस्टल से जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब निवासी दविंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लुधियाना निवासी नरेंद्र कक्कड़ के साथ थी। नरेंद्र ने उसे अपने साथी हरनेक सिंह के साथ मिलकर उन्हें व्यापार में पैसा डबल करने का झांसा दिया। आरोपी ने उसे थाना रादौर क्षेत्र के एक गांव निवासी दंपत्ति व दो अन्य लोगों से मुलाकात करवाई। आरोपियों ने उससे व्यापार के नाम पर 17 लाख रुपये नकद ले लिए। पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पिस्टल से उसे जान से मारने की धमकी दी।

### अफीम तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए अफीम तस्करी के आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 106 ग्राम अफीम और बाइक बरामद की है। जोगनाखेड़ा निवासी सुशील कुमार देवीलाल पार्क के पास बाइक पर अफीम बेचने आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 106 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला के शोर मचाने से बची सोने की चेन

**यमुनानगर।** गांव रामपुरा खादर में घर में बाहर खड़ी महिला से एक व्यक्ति ने सोने की चेन छीनने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी व्यक्ति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव रामपुरा खादर निवासी अन्नु गर्ग ने बूडिया थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 फरवरी को एक व्यक्ति भीख मांगने के लिए आया। आरोपी ने उसे खाने के लिए मांगा। जब वह आरोपी के लिए खाने के लिए घर से सामान लेकर आने के लिए पलटी तो आरोपी ने उसकी सोने की चेन छीनने का प्रयास किया। उसने शोर मचाने पर आरोपी व्यक्ति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नशा तस्कर 240 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने पानीपत हरिद्वार बाइपास रोड स्थित सनौली मोड़ फ्लाई ओवर पुल के नीचे से नशा तस्कर जाबिर उर्फ आंधा पुत्र सगीरा निवासी गांव गढी बेसिक जिला पानीपत को 240 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार सुभाष ने बताया कि जाबिर पर थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवा कर उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस जाबिर से जुडे लोगों का पता लगा कर उन्हें भी गिरफ्तार करेगी।

### चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने गोपाल राम पुत्र शंकर राम निवासी दसौडी बीकानेर राजस्थान हाल अंसल, पानीपत को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। थानेदार राकेश ने बताया कि बरामद हुई बाइक के मामले में थाना चांदनी बाग में सोनू पुत्र रामजी निवासी धारीवाल चौक गुड़ मंडी की शिकायत पर केस दर्ज है। पुलिस का कहना है आरोपी से पूछताछ में और घटनाओं के बारे में पता लगाएगी।

---

## कुवि के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने की वर्ष 2023-24 के लिए गोयल पुरस्कारों की घोषणा

# देश के चार अग्रणी वैज्ञानिक गोयल पुरस्कार से होंगे सम्मानित

***विद्वानों ने शोध से विज्ञान की सीमाओं का विस्तार किया और मानवता के कल्याण में भी अभूतपूर्व योगदान दिया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



प्रो. अनिरुद्ध पंडित प्रो. थलप्पिल प्रदीप प्रो. परमजीत खुराना प्रो. श्रीराम रामास्वामी

शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्राप्त कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराते हुए शुक्रवार को कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने वर्ष 2023-24 के प्रतिष्ठित गोयल पुरस्कारों की घोषणा की। विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं गोयल पुरस्कार आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने देश के चार महान वैज्ञानिकों के नामों का ऐलान करते हुए बताया कि इन विद्वानों ने अपने अद्वितीय शोध से न केवल विज्ञान की सीमाओं का विस्तार किया है, बल्कि मानवता के कल्याण में भी अभूतपूर्व योगदान दिया है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए मुंबई से प्रो. अनिरुद्ध पंडित (अनुप्रयुक्त विज्ञान), चेन्नई से पद्मश्री प्रो. थलप्पिल प्रदीप (रसायन विज्ञान), दिल्ली से प्रो. परमजीत खुराना (जीव विज्ञान) और बैंगलोर से प्रो. श्रीराम रामास्वामी (भौतिक विज्ञान) का चयन किया गया है। पुरस्कार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुवि वर्ष 1992 से निरंतर देश के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों को सम्मानित कर रहा है और यह गौरव प्राप्त करने वाला देश का एकमात्र विश्वविद्यालय है। चयनित प्रत्येक वैज्ञानिक को सम्मान स्वरूप 2 लाख रुपये नकद, एक स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति के सह-अध्यक्ष प्रो. एसपी सिंह ने बताया कि इन वैज्ञानिकों का कार्य क्रांतिकारी है, जहां प्रो. थलप्पिल प्रदीप ने नैनो-टेक्नोलॉजी के माध्यम से पेयजल को शुद्ध करने की सस्ती तकनीक विकसित की है, वहीं प्रो. परमजीत खुराना गेहूं की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक जेनोमिक्स पर कार्य कर रही हैं। प्रो. अनिरुद्ध पंडित के बहुउद्देशीय रिएक्टर डिजाइन और प्रो. श्रीराम रामास्वामी के कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स में योगदान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का मस्तक ऊंचा किया है। पुरस्कार समिति की संयोजक प्रो. अनीता भटनागर ने जानकारी दी कि अब तक प्रो. सीएनआर राव, डॉ. कस्तूरीरंगन और प्रो. आरए माशेलकर जैसे 120 से अधिक दिग्गज इस सम्मान से नवाजे जा चुके हैं। इन मुख्य पुरस्कारों के साथ-साथ 45 वर्ष से कम आयु के होनहार वैज्ञानिकों के लिए राजीव गोयल पुरस्कार की चयन प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है।

### पुरस्कार वितरण समारोह मार्च में होगा

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि गोयल पुरस्कारों की गौरवशाली परंपरा की नींव 1990 में अमेरिका निवासी प्रवासी भारतीय स्व. राम एस गोयल ने रखी थी। विज्ञान के इस महाकुंभ का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह इसी वर्ष मार्च माह में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश भर के दिग्गज वैज्ञानिकों के जुटने की उम्मीद है।

---

## पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए तीनों बदमाशों से पूछताछ के बाद खुलासा

# विदेश में बैठे गैंगस्टर के इशारे पर हुई थी अस्पताल व सिटी मॉल के बाहर फायरिंग

***आरोपियों ने गलत जानकारी देकर जांच को भटकाने की कोशिश की***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के वरयाम सिंह अस्पताल व सिटी मॉल के बाहर पांच दिन पहले हुई फायरिंग विदेश में बैठे एक नामचीन गैंगस्टर के इशारे पर हुई थी। यह खुलासा पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए तीनों बदमाशों पुलिस पूछताछ के दौरान किया है। शुक्रवार को तीनों बदमाशों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। टांगों पर प्लास्टर चढ़े तीनों बदमाशों को पुलिस ने अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान आरोपियों ने शुरुआती पूछताछ में गलत जानकारी देकर जांच को भटकाने की कोशिश की। मुख्य आरोपी गुरलाल ने खुद को कुरुक्षेत्र का रहने वाला बताया था। मगर जांच करने पर आरोपी पंजाब के मसाना का रहने वाला निकला। इसी प्रकार करनाल जिले के तरावड़ी निवासी नितिन और सागर ने खुद को नाबालिग बताया था। लेकिन दस्तावेजी जांच में दोनों बालिग पाए गए।



**यमुनानगर।** आरोपियों को अस्पताल से छुट्टी के बाद अदालत में पेश करने ले जाती पुलिस टीम। फोटोः हरिभूमि

### संगठित तरीके से वारदात देने आए थे तीनों आरोपी

एएसपी अमरिंद्र सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी संगठित तरीके से रंगदारी से जुड़ी वारदात को अंजाम देने आए थे। उन्होंने बताया कि पूरी वारदात विदेश में बैठे एक नामचीन गैंगस्टर राणा के इशारे पर अंजाम दी गई। आरोपियों को रंगदारी से जुड़े मामले में दहशत फैलाने के लिए तैयार किया गया था। उन्होंने बताया कि अस्पताल और सिटी मॉल जैसी भीड़भाड़ वाली जगहों को जान बूझकर निशाना बनाया गया ताकि शहर में डर का माहौल बने और रंगदारी वसूली जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस रिमांड के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि विदेश में बैठे गैंगस्टर से उनका संपर्क कैसे हुआ। फायरिंग के लिए हथियार किसने उपलब्ध कराए और इस साजिश में और कौन-कौन शामिल है।

### शहर में दहशत फैलाने की कोशिश

पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों का मुख्य उद्देश्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फायरिंग कर शहर में भय का माहौल बनाना था। अस्पताल और मॉल को निशाना बनाकर उन्होंने आम लोगों में डर पैदा करने की कोशिश की, ताकि रंगदारी की रकम वसूली जा सके।

### पुलिस को गुमराह करने की कोशिश

पुलिस जांच में सामने आया है कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान आरोपियों ने शुरुआती पूछताछ में गलत जानकारी देकर जांच को भटकाने की कोशिश की। मुख्य आरोपी गुरलाल ने खुद को कुरुक्षेत्र का निवासी बताया था, जबकि जांच में वह पंजाब के मसाना का रहने वाला निकला। करनाल जिले के तरावड़ी निवासी नितिन और सागर ने खुद को नाबालिग बताया, लेकिन दस्तावेजी जांच में दोनों बालिग पाए गए। इन खुलासों के बाद पुलिस अब आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की तैयारी में है।

### पूरे नेटवर्क को खंगाल रही पुलिस

पुलिस अब साइबर और क्राइम यूनिट की मदद से पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है। जांच इस दिशा में भी चल रही है कि क्या यह हमला पहले मांगी गई रंगदारी से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। साथ ही आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड, सोशल मीडिया संपर्क और आर्थिक लेन देन की भी जांच की जा रही है। जल्द ही वारदात में शामिल गैंग की जानकारी एकत्र कर ली जाएगी।
-अमरिंद्र सिंह, एएसपी

---



अंबाला। भ्रूण लिंग जांच के आरोपी पुलिस गिरफ्त में। फोटोः हरिभूमि

# भ्रूण लिंग जांच करते दो कर्मचारी गिरफ्तार

**75 हजार में हुई थी डील, 39 हजार कैश जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कुरुक्षेत्र की हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम ने भ्रूण लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़ किया है। टीम ने अंबाला के 2 प्राइवेट अस्पताल के कर्मचारियों को गिरफ्तार किया। टीम ने दोनों आरोपी रोहित और मोहित को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। अंबाला पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पीएनडीटी के इंचार्ज डॉ. रमेश सभ्रवाल ने बताया कि कुछ लोग गैरकानूनी तरीके से भ्रूण लिंग जांच करवा रहे हैं। तब टीम ने आरोपी मोहित से संपर्क किया। मोहित गार्डियन अस्पताल में कर्मचारी के तौर पर काम करता था। टीम ने बोगस ग्राहक के जरिए उससे संपर्क किया तो आरोपी ने भ्रूण लिंग जांच करवाने का भरोसा दिलाया। इसके बदले उसने 75 हजार मांगे, जिसमें 20 हजार रुपये एडवांस देने थे। बात तय होने पर मोहित ने नैना नाम की महिला के बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने को कह दिया। नैना खुद खुराना अस्पताल अंबाला में काम करती है। टीम ने 20 हजार नैना के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। 11 फरवरी को जांच टीम के सदस्य तय जगह पर पहुंचे। जहां आरोपी ने कहा कि गर्भवती महिला के पति को साथ लाना जरूरी है। तब टीम ने आरोपी को बगैर बोगस ग्राहक के पति के जांच करवाने के लिए तैयार किया। नैना ने ड्राइवर रोहित को कार में जांच के लिए भेज दिया। रोहित ने बोगस ग्राहक बनी महिला को कार में लेकर मदान अस्पताल आ गया। यहां पहले एक सामान्य अल्ट्रासाउंड किया गया। इसके बाद आरोपी ने 2 दिन के बाद लिंग की जांच की रिपोर्ट या जानकारी देने की बात कही, तभी टीम ने दबिश देकर रोहित को पकड़ लिया पास से 39 हजार रुपये भी बरामद हुए।

---

### जॉर्जिया भेजने के नाम पर चार लाख की ठगी

**मुलाना।** धीन गांव के एक व्यक्ति से विदेश भेजने के नाम पर चार लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़ित के बेटे को जॉर्जिया भेजने का झांसा देकर रुपये हड़प लिए और उसे फर्जी वीजा व टिकट थमा दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने यमुनानगर के आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धीन गांव के बलदेव राज ने बताया कि वह अपने बेटे सचिन को काम के लिए विदेश भेजना चाहता थे। गगन से मिला। गगन ने 4 लाख रुपये में उसके बेटे का वर्क वीजा लगवा देने का झांसा देकर मुकर गया।

---

**यमुनानगर के गांव चुहड़पुर कलां के पास हादसा**

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी-पावंटा साहिब नेशनल हाइवे पर गांव चुहड़पुर कलां स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री के पास बीती रात कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक कपड़े के शोरूम पर सेल्समैन का काम करता था। हादसे के समय मृतक शोरूम से छुट्टी कर घर वापस जा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बोम्बोपुर निवासी 28 वर्षीय मोमिन प्रताप नगर बस स्टैंड के पास कपड़े के शोरूम पर सेल्समैन का काम करता था। वीरवार रात वह अपने साथी के साथ शोरूम से काम खत्म करके घर लौट रहे थे। इस दौरान मोमिन अपने साथी को उनके घर पर छोड़कर अपने घर जा रहा था। जब वह गांव चुहडपुर कलां स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने मोमिन की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मोमिन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

### 154 कर्मियों का रुका वेतन दिए जाने की मांग

**कुरुक्षेत्र।** नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ ने समय पर वेतन व 154 कर्मचारियों का रुका हुआ वेतन की मांग को लेकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति व कुलसचिव के नाम ज्ञापन कुलपति के ओएसडी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि हम कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कर्मचारी है। हरियाणा सरकार के आदेश के बाद भी हमें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। हरियाणा सरकार के आदेश है कि सभी कर्मचारियों को हर महीने की 7 तारीख तक वेतन दिया जाना चाहिए लेकिन अभी तक नहीं मिली है।

---

# पशुओं के कटे सिर व पैर मिलने से रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला में यमुना नदी किनारे बसे गांव पत्थरगढ़ के खेतों में पशुओं के कटे सिर और पैर मिले है। हिंदू संगठनों में रोष छाया हुआ है। इधर, थाना सनौली खुर्द पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। वहीं पुलिस की जांच में पता चला कि गांव पत्थरगढ़ निवासी राजेश पुत्र पाला कश्यप की गाय लापता हो गई। राजेश ने अपने साथी ग्रामीणों के साथ अपनी गाय की तलाश की तो यमुना नदी की ओर वाले खेतों में पशुओं के गले में बांधे जाने वाली रस्सी का टुकडा खून से सना मिला।



वहीं, ग्रामीणों ने खेत में खुदाई कर दबाई की मिट्टी देखी। यहां आवारा कुत्ते मंडरा रहे थे। ग्रामीणों ने जब इस क्षेत्र में मिट्टी की खुदाई की तो अंदर से पांच पशुओं व दो बछड़ों के कटे सिर व पैर मिले। इधर, पुलिस के आग्रह पर पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। वहीं, ग्रामीण ने कहा कि इस तरह की घटनाएं न सिर्फ कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं।

### की जा रही जांच

पशुओं के शव मिले के मामले में थाना सनौली खुर्द पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में पुलिस का गश्त बढाया जाएगा। फिर ऐसी घटना ना हो इसके लिए पुलिस धरातल पर कार्य करेगी। -सतीश वत्स, डीएसपी हेडक्वार्टर

---

## केयू में जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

***कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई बोले***

# भविष्य के लिए सौर, पवन और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता

- औद्योगीकरण, वनों की कटाई जीवाश्म ईंधनों के उपयोग व प्रदूषण के कारण निरंतर बढ़ रहा है पृथ्वी का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को संबोधित करते गुरु जंभेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

गुरु जंभेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा तथा अन्य नवीकरणीय स्त्रोतों को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बढ़ते औद्योगीकरण, वनों की कटाई, जीवाश्म ईंधनों के अत्यधिक उपयोग तथा प्रदूषण के कारण पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है। इसलिए पृथ्वी पर अच्छे जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है। यह उद्गार उन्होंने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा केयू सीनेट हॉल में जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन चुनौतियां और प्रबंधन विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन मानव समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस मौके पर प्रो. नरेन्द्र सिंह, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. एनके माटा, प्रो. जितेन्द्र शर्मा, प्रो. सुनीता दलाल, प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. दीपक राय बब्बर, प्रो. परमेश, डॉ. हरदीप राय सहित शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### स्वच्छ ऊर्जा के महत्व पर बल दिया

निरंतर तापमान बढ़ने के परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ तथा जैव विविधता में कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा के महत्व पर बल देते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने विशेष रूप से कहा, यह केवल सरकार की लड़ाई नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कुवि कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल पर्यावरण ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता की रक्षा समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है।

---

## रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन निर्माण की मांग को लेकर गांव सोहाना के पास किसानों का धरना लगातार जारी है। धरने की अध्यक्षता किसान नेता जगमाल लाठर ने की। बड़ी संख्या में किसानों ने प्रशासन और एनएचएआई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को दोहराया। प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने कहा कि सर्विस लेन के अभाव में आसपास के गांवों के किसानों, मजदूरों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कृषि यंत्रों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही जोखिम भरी बनी हुई है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। धरने को और मजबूत बनाने के लिए किसानों ने फुसगढ़, खेड़ा और छपरा गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित



**यमुनानगर।** फ्रेंडस क्लब जगाधरी द्वारा पुलवामा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। शिविर में 50 युनिट रक्त एकत्रित किया। इस दौरान रक्तदाताओं को फलाहार भी दिया गया। मौके पर मुख्यातिथि एवं भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी ने कहा कि हमारे वीर शहीदों ने देश के लिए अपना रक्त बहाया है। फ्रेंडस क्लब के वरिष्ठ सदस्य मुकेश शर्मा, सैम, कुशल मसीह, रविंद्र सैनी, पंकज गुप्ता, लव बाजवा व कुनाल वर्मा, प्रियंक शर्मा, पार्षद अंकित गोयल, रविंद्र, योगेंद्र वर्मा, शुभम गर्ग व भाजपा के जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

### विक्रांत मिस्टर व चेलसी बनी मिस फेयरवेल



**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी (यमुनानगर) में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं, उन्हें उपहार भेंटकर सम्मानित किया और विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक समिति की चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज व प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

स्कूल की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि फेयरवेल पार्टी का शुभारंभ गणेश वंदना व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने द्वारा स्कूल में बिताए गए दिनों की याद करते हुए अपने भावनात्मक विचार प्रक्ट करके सभी को भावूक कर दिया।

### आईडीए की पहली महिला अध्यक्ष बनी डॉ मंजू

**पानीपत।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) पानीपत शाखा के इतिहास में पहली बार महिला चिकित्सक डॉ. मंजू वर्मा तागरा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं, नई कार्यकारिणी में डॉ. रूपम को सचिव, डॉ. ईशा कटारिया व डॉ. शाल्की तनेजा को संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. अनिल अरोड़ा को नियुक्त किया गया। इधर, नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. मंजू वर्मा तागरा ने कहा कि आईडीए पानीपत दंत स्वास्थ्य जागरूकता, शैक्षणिक गतिविधियों और सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रमों को और अधिक व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाएगा।

### समाज को उर्जा देते है संतों के उपदेश : भाटिया

**पानीपत।** श्री प्रेम मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हरिनाम संकीर्तन का आयोजन हुआ। वहीं, इस दिव्य कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने श्रद्धा भाव से सहभागिता की एवं विश्व प्रसिद्ध महामंडलेश्वर गीता मनीषी ज्ञानानंद, अरुण दास जी महाराज, श्री कांता देवी महाराज, गोपाल दास आदि की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि संत व महात्मागण, समाज के लिए मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ के समान होते हैं। उनकी वाणी, तपस्या और जीवन मूल्य मानवता को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

## स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को बेहतर बनाने पर मेयर ने ली अधिकारियों की बैठक

# स्ट्रीट लाइट से संबंधित हर शिकायत का अधिकारी जल्द करे निवारण : मेयर

बैठक में मेयर सुमन बहमनी ने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को बेहतर बनाने, खराब लाइटों को ठीक करने के दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को बेहतर व सुदृढ़ बनाने को लेकर मेयर सुमन बहमनी ने नगर निगम कार्यालय में लाइट शाखा के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। मेयर ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को स्ट्रीट लाइट से संबंधित हर शिकायत का जल्द से जल्द समाधान करने, हर वार्ड में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बेहतर बनाने, खराब लाइटों को दुरुस्त करने और नई लाइट लगाने के कार्य में तीव्रता लाने के निर्देश दिए।

मेयर सुमन बहमनी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए। नगर निगम व स्ट्रीट लाइट हेल्पलाइन नंबर पर आने वाली हर शिकायत का जल्द समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों, गलियों, कॉलोनियों, चौक चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर खराब पड़ी लाइटों के कारण आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे में किसी भी वार्ड में खराब स्ट्रीट लाइट लंबित नहीं रहनी चाहिए। मेयर ने सभी विभागीय अधिकारियों व पार्षदों को कहा कि शहर की सभी गलियों से कूड़ा कचरे का समय पर उठान होना चाहिए। शहर में किसी तरह की गंदगी नहीं होनी चाहिए। मौके पर एसडीओ राजेश शर्मा, जेई सिमरन, जेई प्रतीक नागपाल, जेई नरेंद्र, जेई विवेक, जेई विनय व जेई पंकज आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में लाइट शाखा के अधिकारियों व इलेक्ट्रीशियन की बैठक लेती मेयर सुमन बहमनी।

### खराब लाइटों की सूची करें तैयार

मेयर ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक वार्ड में नियमित निरीक्षण कर खराब लाइटों की सूची तैयार की जाए और उन्हें शीघ्र दुरुस्त कराया जाए। जहां आवश्यकता हो, वहां नई स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य में भी तेजी लाई जाए। केवल शिकायत आने पर ही कार्य करना पर्याप्त नहीं है बल्कि लाइट शाखा के कर्मचारियों को स्वयं क्षेत्र में जाकर स्थिति का जायजा लेना चाहिए।

### लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : बहमनी

मेयर सुमन बहमनी ने निर्देश दिए कि स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत व स्थापना कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। ताकि शहर के लोगों की ओर से अधिकारियों बार-बार शिकायतें सामने न आएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। स्ट्रीट लाइट के अलावा शहर के अन्य मुख्य समस्याओं पर भी बैठक में चर्चा की गई।

## सीवरेज का ढक्कन धंसने से राहगीर परेशान



**रादौर।** कॉलेज रोड पर सीवरेज के अंदर धंसा ढक्कन।

- स्थानीय लोगों का आरोप विभाग कर रहा दुर्घटना का इंतजार तब होगा समस्या का हल
- जन स्वास्थ्य विभाग से ठीक करने की मांग के बावजूद अभी नहीं हुई कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

कस्बा रादौर के मुंकदलाल स्कूल के पास सीवरेज का ढक्कन नीचे धंस गया है। जिसकी वजह से शहर की मुख्य सड़क पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। वहां से निकल रहे वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो सकते है। रात के समय अंधेरा होने के कारण दुर्घटना होने की आंशका बढ़ जाती है। स्थानीय निवासी दिनेश, राजु, प्रदीप शर्मा, मुकेश, साहिल लोगों ने जन स्वास्थ्य विभाग से धंसे हुए सीवरेज के ढक्कन को ठीक करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। प्रशासन की ओर से लोगों की इस समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन बड़ी दुर्घटना के बाद ही जागता है। जब तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हो जाती तब तक निगम के कर्मचारी इस ओर कोई ध्यान नहीं देते। उन्होंने बताया कि इस रोड़ से हर रोज सैंकड़ों वाहन चालक गुजरते है। स्कूल पास होने के कारण विद्यार्थियों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द सीवरेज के अंदर धंसे ढक्कन को ठीक करवाया जाए। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस समस्या का जल्द निवारण नहीं किया गया तो वे जल्द धरना देंगे।

## जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के 19 छात्रों का आईटी कंपनी में हुआ चयन

- बैच 2024-25 में भी 343 जॉब्स के मिले थे आफर, पहले भी 25 लड़कियों के इंफोसिस में हुआ था चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के 19 छात्रों का चयन आईटी कंपनी टीसीएस में हुआ है। जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक डॉ संजीव गर्ग ने बताया के छात्रों ने कॉलेज में आने वाली हर कंपनी में पूरी तैयारी ओर जोश के साथ हिस्सा लिया और कंपनी में नौकरी पाकर अपने कॉलेज का नाम रोशन किया। इससे पहले 25 लड़कियों को जानी-मानी कंपनी इंफोसिस में प्लेसमेंट मिल चुका है। बैच 2024-25 में भी 343 जॉब्स के आफर दिए गए। बच्चों को कम्पनीज में सेलेक्शन के लिए तरह तरह की तैयारियां करवाई जाती हैं, जिसका प्रबंध कॉलेज प्रशासन द्वारा ही किया जाता है।

उन्होंने बताया कि कालेज में पीडीपी की क्लासेज भी लगवाई जाती हैं जो के पूरा सेमेटर चलती हैं। जिससे बच्चों की स्किल्स उभर कर सामने आती हैं। कॉलेज प्रशासन बच्चों की ज़्यादा से ज़्यादा प्लेसमेंट करवाने के लिए प्रयासरत रहता है। कॉलेज में बच्चों को कम्पनी की तर्ज पर कई प्रकार की टेक्निकल स्किल्स की टैनिंग दी जाती हैए जिसमे कई प्रकार की लैंग्वेजेज जैसे कि मशीन लर्निंग, पाइथन, जावा, एंड्राइड आदि सिखाई जाती हैं।



**रादौर।** मेधावी छात्रों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

### शिव मंदिर में 15 को होगा मूर्ति स्थापना महोत्सव

**रादौर।** रादौर के छोटाबांस स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 15 फरवरी को मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। मौके पर प्रसाद वितरण किया जाएगा

मंदिर के पुजारी बबलू ने बताया कि 15 फरवरी को मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा से पहले सुबह 10 बजे राम दरबार, राधा कृष्ण व खाटू श्याम जी की प्रतिमाओं की नगर परिक्रमा निकाली जाएगी। शाम साढ़े 3 बजे मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा। इसके बाद अगले दिन 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे नगरवासियों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने सभी से मूर्ति स्थापना समारोह व भंडारे के अवसर पर समारोह को सफल बनाए जाने की अपील की।

## यूएस ट्रेड डील भारत व अमेरिका के बीच मजबूत रिश्ते का परिणाम : कटारिया

- ट्रेड डील संपूर्ण विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्लोबल लीडरशिप को दर्शाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अंबाला लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रही बंतो कटारिया ने यूएस के साथ हुई ट्रेड डील भारत व अमेरिका के लिए लाभदायक सिद्ध होगी। यह ट्रेड डील दोनों देशों के मजबूत रिश्तों का परिणाम है। उन्होंने उक्त शब्द शुक्रवार को यमुनानगर में बातचीत करते हुए कहे।

प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड डील विश्व में प्रधानमंत्री की ग्लोबल लीडरशिप को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि अब हमारे वोकल फार लोकल और विकसित भारत पहल के साथ देश में बने सभी सामानों को फायदा होगा। इस डील के होने से भारत का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मजबूत होगा और घरेलू आर्थिक स्थिति को बढ़ावा मिलेगा। बंतो कटारिया ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष की पूण्यतिथि को समपर्ण दिवस के रूप में मनाए जाने के साथ उनके विचारों का प्रचार प्रसार करने के लिए सभी जिलों में जिला स्तरीय वैचारिक गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। क्योंकि पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष का जीवन त्यागए सेवा और राष्ट्र समपर्ण का प्रतीक है। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास की रोशनी बह रही है। भाजपा सरकार में हर वर्ग उन्नति और प्रगति कर रहा है। सीएम नायब सैनी ने प्रदेश में पेंशन को बढ़ाकर लोगों को राहत प्रदान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को पूरा विश्व सराह रहा है। मौके पर सन्नी राजपूत आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** मीडिया से बातचीत करती भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया।

## शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

- आरोपी युवक ने शादी करने से किया मना, मारपीट करने का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने बाद में युवती को शादी करने से मना कर दिया। विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी दिसंबर 2020 से रजत नामक युवक के साथ दोस्ती थी। आरोपी उससे फोन पर बात करता था। इस दौरान आरोपी ने उसके सामने शादी करने का प्रस्ताव रखा और उसे मिलने के लिए बुलाया। जहां आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी करीब छह साल तक उसे शादी का झांसा देकर गलत काम करता रहा। जब उसने आरोपी रजत को शादी के लिए बोला तो आरोपी ने उसे मना कर दिया। जब उसने विरोध जताया तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौच की और मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## युवाओं में कौशल विकास होना जरुरी : डॉ. मोनिका

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन(रादौर) में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रुप में कल्पा चावला राजकीय पॉलिटेक्निक फार वुमेन अंबाला सिटी की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. मोनिका ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के संस्थान निदेशक डॉ.लक्ष्य अग्रवाल ने की। डॉ. मोनिका अग्रवाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं है। बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है। जिसकी शुरुआत आत्मविश्वास और आत्मसम्मान से होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि वर्तमान में प्रतिस्पर्धी युग में केवल डिग्री प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है। बल्कि कौशल विकास, तकनीकी ज्ञान, संचार क्षमता और नेतृत्व गुणों का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वह किसी भी क्षेत्र में स्वयं को सीमित न रखें। डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने बताया कि शिक्षा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाती है और आर्थिक स्वतंत्रता ही सशक्तिकरण का आधार है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए परिवार, शैक्षणिक संस्थान और समाज सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है।



**रादौर।** व्याख्यान में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

## सूर्य नमस्कार से सामाजिक स्वास्थ्य की होती है प्राप्तिः सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनागर

जिला जेल कारागार यमुनानगर में महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा योग एवं आयुष विभाग के जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया द्वारा सूर्य नमस्कार अभियान का समापन किया। मौके पर जेल अधीक्षक सत्येंद्र कुमार, जिला योग समन्वयक डॉ. शिव कुमार सैनी, उप अधीक्षक जेल विवेक सांगवान, उप अधीक्षक वरुण कुमार व सहायक अधीक्षक दर्शन लाल सैनी मौजूद रहे।

जिला योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार सैनी ने कहा कि सूर्य नमस्कार एक वैज्ञानिक योगासनों का समूह है जिसको नियमित करने से शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक व सामाजिक स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। योग सहायक सोनिया चहल ने एक सप्ताह तक सभी बंदियों को सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया और सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की।



### महाशिवरात्रि पर विशालकाय कांवड़ बन रहे आकर्षण का केंद्र

# सड़कों पर कांवड़ियों के जयघोष से वातावरण बना शिवमय

जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये आकर्षक कांवड़ों में ला रहे हैं हरिद्वार से गंगा जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

इसे कांवड़ियों की भगवान शिव में आस्था कहें या फिर एक दूसरे से बेहतर कांवड़ लाने की होड़। यही कुछ आजकल महाशिवरात्रि पर्व पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर यमुनानगर की सड़कों पर कांवड़ियों के विशालकाय कांवड़ को देखकर लग रहा है। शुक्रवार को को ऐसे ही कई विशालकाय कांवड़ ट्विन सिटी की सड़कों से होकर गुजरे। संगमेश्वर महादेव कांवड़ संघ के सदस्यों द्वारा बनाए गए एक विशालकाय आकर्षक कांवड़ जैसे ही ट्विन सिटी के सहानपुर मार्ग से गुजरा तो श्रद्धालुओं ने उस पर बने शिव लिंग का अभिषेक किया और पूजा अर्चना की। मौके पर स्थानीय श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों को जलपान करवाया और उन्हें आकर्षक कांवड़ बनाने के लिए बधाई भी दी।

कांवड़ संघ मोहाली के रविंद्र, रविश, जयकुमार, सुरेंद्र, मोहित व राजेश आदि ने बताया कि वह महाशिवरात्रि पर्व पर पिछले कई वर्षों से हरिद्वार से कांवड़ लेकर आते हैं और अपने नजदीक स्थित शिव मंदिर में जलाभिषक करते हैं। उन्होंने बताया कि वह हर वर्ष अपने कांवड़ को अलग अलग रुप में तैयार करके लेकर आते हैं। वहीं, पटियाला के श्री शिव कांवड समिति के सदस्य सुखविंद्र, रोहित, सतीश व महावीर सिंह आदि ने बताया कि समिति द्वारा पिछले दस वर्षों से हरिद्वार से सदस्यों द्वारा संयुक्त रुप से कांवड़ लाया जाता है। जिसे आकर्षक रुप देने के लिए कई दिन पहले कारीगरों से उसे हरिद्वार में ही तैयार करवाया जाता है और उसके बाद उसे भव्य रुप से लेकर अपने गंतव्य पर ले जाकर जलाभिषेक किया जाता है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व उनके लिए हर वर्ष खुशहाली, सुख शांति एवं स्मृद्धि लेकर आता है।



**यमुनानगर।** सड़कों से कांवड़ लेकर गुजर रहे कांवड़ियों के जत्थे।

### कांवड़ में झांकी पर सजाया आकर्षक शिवलिंग

बद्दी शिव कांवड़ सेवा संघ के रुपेश, कीर्त सिंह, जगविंद्र, सुरेश माही, सतबीर व गौरव ने बताया कि इस बार उन्होंने अपने कांवड़ को वाहन में आकर्षक झांकी के रुप में पहाड़ी पर दिखाया है। इस कांवड़ की विशेषता यह है कि इसमें एक विशाल शिवलिंग बनाया गया है। शिवलिंग के चारों तरफ आकर्षक पहाड़ी की झांकी व मंदिर में घंटा लगाया हुआ दिखाया गया है।इसी तरह पंजाब के गुरदासपुर के महादेव कांवड़ संघ द्वारा बनाया गया एक विशालकाय कांवड़ जिले के बाइपास मार्ग से होकर गुजरा। जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

## लाइक पब्लिक स्कूल में छात्रों ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- माता पिता की सेवा विद्यार्थियों का सर्वोच्च धर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

लाइक पब्लिक स्कूल रादौर में मातृ-पितृ दिवस कार्यक्रम मनाया गया। बच्चों ने कार्यक्रम में अपने माता-पिता के प्रति प्रेम व सम्मान व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने अपने हाथों से कार्ड बनाकर माता-पिता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को माता-पिता के महत्व के बारे में बताया। वहीं कक्षा नर्सरी से 9वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी-अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाया। बच्चों व स्टाफ ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थियों को पुलवामा शहीदों के बलिदान पर आधारित एक प्रेरणादायक वीडियो भी दिखाई गई। तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर जवानों को नमन किया।



## खबर संक्षेप

### लोगों के विकास के लिए प्रयासरत है ब्रह्माकुमारीज

**थानेसर।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेक्टर -8 द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष में पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर मुख्य अतिथि, प्रवीण गुप्ता वशिष्ठ अतिथि और राजयोगिनी सरोज बहन और मधु बहन विशेष रूप से पधारे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन से किया। प्रवीण गुप्ता ने शिवरात्रि पर्व की बधाई दी, जबकि कंवलजीत कौर ने ब्रह्माकुमारीज संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था हर आयु वर्ग के लोगों के विकास के लिए कार्य कर रही है। सरोज बहन ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि शिवरात्रि अर्थात रात्रि, मन कलयुगी घोर अंधियारा जब पापचार, भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाता है, तब परमपिता परमात्मा का दिव्य अवतरण होता है।

### महिलाओं को लक्षणों के प्रति सतर्क रहना चाहिए

**कुरुक्षेत्र।** फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी कंसल्टेंट डॉ. दीप्ति सिंह ने कहा कि महिलाओं को शुरूआती पहचान के लिए लक्षणों के प्रति सतर्क रहना चाहिए। एक निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ. सिंह ने कैंसर के लक्षणों की पहचान पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को कुछ लक्षणों के प्रति सतर्क रहना चाहिए, जैसे स्तन या बगल में नई गांठ, स्तन का मोटा होना या सूजन, त्वचा में गड्ढे पड़ना, एरियोला के रंग में बदलाव या स्तन की त्वचा का पपड़ीदार होना, निप्पल का अंदर की ओर खिंचना, निप्पल से स्राव या निप्पल क्षेत्र में दर्द।

### रक्तदान के महत्व पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। भारतीय रेडक्रॉस समिति हरियाणा राज्य एवं जिला शाखा द्वारा भगवान परशुराम महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के 5वें दिन उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा पहुंचे हुए थे। शिविर निदेशक डॉ. सौरव की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें डॉ. सोनिया चौहान एवं डॉ. श्रेष्ठा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिला प्रशिक्षण अधिकारी अंजू कश्यप की उपस्थिति में यूथ रेड क्रॉस के प्रतिभागी उपस्थित रहे। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए रक्तदान महादान विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

### प्रथम हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन आज

**कुरुक्षेत्र।** हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में सेक्टर-30 स्थित पार्क एक में प्रथम हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगए। इस सम्मेलन के अंतर्गत समरसता यज्ञ, मातृ-पितृ पूजन, संतों के प्रवचन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 30 कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. केवल कृष्ण ने बताया कि सेक्टर-30 में यह पहला हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

ढोल-नगाड़ों की धुन और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण हुआ भक्तिमय

धर्मनगरी में निकली भोले की बारात

# बर्फ से बना शिवलिंग बना आकर्षण का केंद्र


कुरुक्षेत्र। बर्फ से बने शिवलिंग की पूजा करते श्रद्धालु।


कुरुक्षेत्र। भोले की बारात में शामिल आकर्षक झांकी।

- भक्तों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ बारात में हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र शिवमय हो गई। शुक्रवार को शहर में भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ बारात में हिस्सा लिया, जिससे पूरा शहर शिव भक्ति में सराबोर नजर आया। बारात में विभिन्न झांकियों को सजाया गया, जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं।

भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और शिवगणों की भव्य झांकियां श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही थीं। ढोल-नगाड़ों की धुन और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्री दुखभंजन मंदिर से बारात निकली जो शहर के गुरुद्वारा छठी पातशाही चौक, अंबेडकर चौक, मेन बाजार, रेलवे रोड से होते हुए राजेंद्र नगर नगली वाली कुटिया पहुंची, जहां शिव-पार्वती विवाह की सभी रस्में विधि-विधान से पूरी की गई। बारात में शामिल श्रद्धालु पूरे जोश और भक्ति भाव से भोलेनाथ के जयकारे लगाते नजर आए।

शिवरात्रि सेवा मंडल की ओर से निकाली गई भोले की बारात में शामिल होने के लिए शहरवासी उमड़ पड़े। हर कोई भोले की बारात का साक्षी बनता दिखाई दिया तो वहीं इस दौरान बेहद खास अंदाज में सजाई गई झांकियां भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। कलाकार शिव भोले के भजनों पर थिरकते रहे तो उनके साथ शहरवासी भी जमकर झूमे। बारात निकाले जाने के दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया। वहीं एक ओर की सड़क बंद रखी गई, जिसके लिए पुलिसकर्मी तैनात रहे।


कुरुक्षेत्र। नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।

### भोले की बारात में अनेक आकर्षक झांकिया रही शामिल

बारात के चलते सुबह से ही बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे, जिससे पूरा माहौल शिवमय हो उठा। भोले की बारात में अनेक आकर्षक झांकिया शामिल की गई, जिनमें भोले शिव के पूरे जीवन दर्शन को दिखाया गया। इन झांकियों में शिव भोले की खास मूर्तियों को शामिल किया गया, जिनके आगे श्रद्धालु नतमस्तक होते रहे। शिव भोले की बारात की रथ बग्गी को खींचने के लिए भी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। शिवरात्रि सेवा मंडल आयोजन कमेटी के सदस्य मनोज परुथी ने बताया कि नगर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से शिवरात्रि के पावन अवसर पर भोले शंकर की बारात शोभा यात्रा निकाली गई। परुथी ने बताया कि नगर की संस्थाओं द्वारा इस तरह के आयोजन और इस तरह से त्यौहार मनाने का मकसद भावी पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, संस्कारों तथा त्यौहारों से अवगत कराना है।

# खेलकूद व शारीरिक गतिविधियां बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास में सहायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल ने अपने शैक्षणिक कार्यक्रम में आउटडोर खेल गतिविधियों को एक महत्वपूर्ण स्थान दिया है। विद्यालय प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ का मानना है कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि खेलकूद और शारीरिक गतिविधियाँ भी बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक विकास में समान रूप से सहायक होती हैं। इसी उद्देश्य के तहत विद्यालय द्वारा कक्षा 2 एवं कक्षा 3 के विद्यार्थियों के लिए सेक्टर-32, सुषांत सिटी स्थित शिवाय टेनिस स्पोर्ट्स अकादमी में एक विशेष स्पोर्ट्स एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रोफेशनल कोचों के मार्गदर्शन में टेनिस की मूलभूत तकनीकों को सीखा तथा खेल अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। शिवाय टेनिस स्पोर्ट्स अकादमी के कोच रमणदीप कौशिक ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रारंभिक आयु में खेलों से जुड़ाव बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित करती है और उन्हें नई संभावनाओं से परिचित कराती है।

## महाशिवरात्रि के व्रत से मिलता है सुख व समृद्धि : डा. सुरेश मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि महाशिवरात्रि को भगवान शिव के जन्म महोत्सव का दिन बताया गया है। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव शिवलिंग के रूप में प्रकट हुए थे। इस दिन विशेष पारद शिवलिंग की विशेष पूजा भी की जाती है। भगवान शिव और माँ पार्वती का विवाह इसी दिन हुआ था। ज्योतिष और वैदिक ग्रंथों के अनुसार 300 साल बाद महाशिवरात्रि आठ शुभ संयोग वाली है। इस बार महाशिवरात्रि का पर्व विशेष इसलिए भी है क्योंकि इस दिन सूर्य बुध और शुक्र त्रिग्रही योग का निर्माण कर रहे हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इसको बड़ा ही दुर्लभ संयोग माना जाता है। 300 साल बाद महाशिवरात्रि इस बार आठ शुभ संयोग लेकर आ रही है।

### महाशिवरात्रि पर व्रत और पूजन विधि

भगवान शिव की पूजा के समय शुद्ध आसन पर बैठकर पहले आचमन करें। यज्ञोपवीत धारण कर शरीर शुद्ध करें, तत्पश्चात आसन की शुद्धि करें। पूजन-सामग्री को यथास्थान रखकर रक्षा दीप प्रज्ज्वलित कर लें। इसके बाद पूजन का संकल्प कर भगवान गणेश एवं गौरी-माता पार्वती का स्मरण कर पूजन करना चाहिए। संकल्प करते हुए भगवान गणेश व माता पार्वती का पूजन करें फिर नन्दीश्वर, वीरभद्र, कार्तिकेय (स्त्रियां कार्तिकेय का पूजन नहीं करें) एवं सर्प का संक्षिप्त पूजन करना चाहिए। इसके बाद हाथ में बिल्वपत्र एवं अक्षत लेकर भगवान शिव का ध्यान करें।

### महाशिवरात्रि व्रत कैसे करें ?

सारा दिन भगवान शिव का सुमिरन और ध्यान करें। मानसिक पूजा का विशेष महत्त्व है। शाम से ही भगवान शिव की पूजा के लिए संपूर्ण सामग्री तैयार करें। रात को भगवान शिव की चार प्रहर की पूजा बड़े भाव से करने का विधान है। प्रत्येक प्रहर की पूजा के पश्चात अगले प्रहर की पूजा में मंत्रों का जाप दोगुना, तीन गुना और चार गुना करें। किसी की निंदा चुगलियों ,ईर्ष्या द्वेष से बचें। सभी के प्रति शुभ और मङ्गल भावना सम्पूर्ण विश्व के लिए रखें। भक्त जन इस मंत्र का श्रद्धा पूर्ण जाप करें : ॐ शिवाय: नम: । ॐ महादेवाय: नम:।

# हरियाणवी बोली को रेडियो पर मिलेगा सशक्त मंचः प्रो. महासिंह पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में अटल संचार भवन स्थित जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में विश्व रेडियो दिवस बड़े उत्साह और रचनात्मकता के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने की। निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज रेडियो की भाषा बाजारी प्रभावों से बदल रही है, ऐसे में क्षेत्रीय बोलियों को मंच देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि संस्थान भविष्य में हरियाणवी बोली में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा में अभिव्यक्ति का सशक्त अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा संस्थान के टीवी एवं रेडियो स्टूडियो का शीघ्र उन्नयन किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को और बेहतर तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विजेताओं को निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मधुदीप सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिनव, गौरव कुमार, डॉ. रोशन लाल तथा शोधार्थी रविना और रोहित शामिल रहे।


कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते प्रो. महासिंह पूनिया।

# महाशिवरात्रि पर निकली भव्य शिव शोभायात्रा

- आकर्षक झांकियों ने दिया शांति, नशामुक्ति और स्वर्णिम भारत का संदेश
- सर्व आत्माओं का परमपिता परमात्मा एक ज्योति बिंदु निराकार शिव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। शिव ध्वज लहराकर शोभायात्रा का शुभारंभ करते अतिथिगण।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शहर में एक भव्य शिव शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में शांति, प्रेम, सद्भाव, पवित्रता, नशामुक्ति एवं भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुँचाना रहा। शिव का झंडा ऊंच महान गीत की भक्तिमय धुनों के बीच भारतीय स्टेट बैंक कुरुक्षेत्र के रीजनल मैनेजर विनीत कुमार, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल और राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने शिव ध्वज लहराकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा शांति नगर दुर्गा मंदिर गली नंबर 7 से प्रारंभ होकर जांगड़ा धर्मशाला, गौशाला बाजार, मोती चौक, अंबेडकर चौक, 17 सेक्टर, गीता कॉलोनी, सलारपुर रोड, विष्णु कॉलोनी, 7बी, शास्त्री नगर, न्यू कॉलोनी होते हुए रेलवे रोड से ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में प्रस्तुत की गई आकर्षक एवं संदेशात्मक झांकियाँ जनमानस के आकर्षण का विशेष केंद्र रहीं। एक झांकी में भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग स्वरूप एवं भगवान शंकर की भव्य प्रतिमा के माध्यम से शिव की महिमा और आध्यात्मिक शक्ति का संदेश दिया गया।

### नशा छोड़ो, जीवन संवारो

दूसरी झांकी में यह भावपूर्ण संदेश प्रस्तुत किया गया कि परमपिता परमात्मा शिव ज्योति बिंदु स्वरूप हैं, जो वर्तमान समय में भारत भूमि पर अवतरित होकर मानव आत्माओं को राजयोग के माध्यम से शांति, शक्ति और पवित्रता प्रदान कर रहे हैं। एक अन्य झांकी के माध्यम से स्वर्णिम भारत के निर्माण का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें यह दशार्या गया कि भारत पुनः सोने की चिड़िया बनेगा और दैवी राज्य की स्थापना होगी, जहां श्री लक्ष्मी-नारायण के राज्य में सुख, शांति और समृद्धि का साम्राज्य होगा। वहीं, नशामुक्ति पर आधारित झांकी ने युवाओं और समाज को यह सशक्त संदेश दिया कि नशा छोड़ो, जीवन संवारो, तथा ईश्वरीय ज्ञान को अपना कर जीवन को खुशहाल बनाया जा सकता है। मार्ग में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शिव बाबा का भावपूर्ण स्वागत किया।

## डीटीपी की टीम ने इस्माईलाबाद में 6 एकड़ की अवैध कॉलोनी को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार राजस्व संपदा इस्माईलाबाद के शहरी क्षेत्र में 6 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा ईस्माईलाबाद के शहरी क्षेत्र में पीर दरगाह के निकट में लगभग 6 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी को उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी नवीन कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने ईस्माइलाबाद के शहरी क्षेत्र में लगभग 6 एकड़ में बन रही अवैध कॉलोनी में बनी चारदीवारी सहित अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास इस्माइलाबाद के शहरी के लगभग 6 एकड़ में अवैध कालोनी के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की।

# सेंट पीटर कन्वेंट स्कूल में जन कल्याण मंच ने करवाई पेंटिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र ने महापुरुषों के चित्रों पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन सेंट पीटर कन्वेंट स्कूल में किया गया जिसमें शहर के कई स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रति छात्रों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र के पदाधिकारियों के विद्यालय में पहुंचने पर विद्यालय के प्रिंसिपल विपिन शर्मा ने सभी सदस्यों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। गायत्री मंत्र के साथ पेंटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सभी प्रतिभागियों ने ठीक समय अवधि में अपनी अपनी पेंटिंग का कार्य समाप्त कर दिया। निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों की पेंटिंग का अच्छी प्रकार से निरीक्षण किया जिसमें वी.एस.एन.मॉडल स्कूल के कृष्ण ने प्रथम पुरस्कार, सेंट पीटर कन्वेंट स्कूल की भूमिका बेदी ने द्वितीय पुरस्कार, गुरु गोविंद नाथ विद्या मंदिर की ललिता ने तृतीय पुरस्कार जीतकर अपने-अपने स्कूल का गौरव बढ़ाया। पेंटिंग प्रतियोगिता मे शेष बचे सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।


कुरुक्षेत्र। पेंटिंग प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र के पदाधिकारीगण।



### सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर में लगाया कैंप

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और परीक्षा के दौरान मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थानेसर में स्ट्रॉंग, हेल्दी व इग्जाम रेड्डी कैंप का आयोजन किया गया। सांसद नवीन जिन्दल की इस पहल के तहत 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग की 715 किशोरियों ने इस कैंप का लाभ उठाया। यह कैंप सांसद नवीन जिन्दल की उस सोच का हिस्सा है, जिसके तहत बेटियों के समग्र विकास यानि स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मविश्वास को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला माना गया है। शिविर में मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता तथा भावनात्मक सुदृढ़ता एवं परीक्षा तनाव परामर्श पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने छात्राओं को मासिक धर्म संबंधी देखभाल, संतुलित पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता और परीक्षा के दबाव से सकारात्मक तरीके से निपटने के उपाय बताए।

# विश्व रेडियो दिवस पर हुआ रेडियो प्रेमी मिलन समारोह

- रेडियो कभी ना खत्म होने वाला माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

विश्व रेडियो दिवस पर सन्निहित रेडियो लिस्नर्स क्लब ऑफ इंडिया और गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में रेडियो प्रेमी मिलन समारोह का आयोजन सभागार गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. विरेन्द्र सिंह चौहान, निदेशक हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान तथा विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र कुमार वरिष्ठ अभियंता आकाशवाणी कुरुक्षेत्र, अध्यक्षता सूबे प्रताप सिंह प्रिंसिपल गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद कलाकारों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सन्निहित रेडियो लिसनर्स क्लब ऑफ इंडिया के संरक्षक बिजेन्द्र जैजान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक आकाशवाणी कुरुक्षेत्र में कार्यक्रम अधिशासी महेन्द्र मोहन शर्मा ने कहा कि रेडियो कभी ना खत्म होने वाला माध्यम है। इसका महत्व कल भी था आज भी है और कल भी रहेगा। मुख्य अतिथि डॉ विरेन्द्र चौहान ने कहा कि मेरा रेडियो से जुड़ाव बचपन से ही रहा है। पहले मैं एक श्रोता के तौर पर रेडियो से जुड़ा था। इसके बाद उच्च शिक्षा के दौरान प्रस्तुतकर्ता के तौर पर जुड़ने का मौका मिला। प्रधानाचार्य सूबे प्रताप सिंह ने कहा कि रेडियो ग्रामीण भारत की आवाज है और नई तकनीक के साथ इसका समन्वय इसे और सशक्त बनाएगा। रेडियो आज भी जन जन का माध्यम है।

दसवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को परीक्षा सामग्री वितरित

# प्रधानमंत्री के परीक्षा संदेश से बढ़ा विद्यार्थियों का आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहाबाद


शाहबाद। विद्यार्थियों को परीक्षा सामग्री वितरित करते सुभाष कलसाना।

बोर्ड परीक्षाओं की शुरूआत के साथ ही क्षेत्र में उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने गांव यारा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें परीक्षा सामग्री वितरित की। विद्यालय पहुंचने पर प्रिंसीपल रामेश्वर दास सहित स्टाफ सदस्यों ने सुभाष कलसाना व अन्य अतिथियों का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। विद्यार्थियों ने तालियों की गडगड़ाहट से अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके बाद स्कूल परिसर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान दसवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को पेन, नोटबुक और अन्य आवश्यक परीक्षा सामग्री वितरित की गई। सुभाष कलसाना ने बताया कि शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में करीब एक हजार से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा सामग्री वितरित की जाएगी, ताकि कोई भी विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में पीछे न रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुभाष कलसाना ने कहा कि परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है, लेकिन इसे बोझ नहीं बल्कि अवसर के रूप में लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पूरे वर्ष की मेहनत का परिणाम अब सामने लाने का समय है और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा दें। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि परीक्षा के दिनों में बच्चे तनावमुक्त रहें और आत्मविश्वास के साथ प्रश्नपत्र हल करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षाओं पर संदेश से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। उनहोंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी अपने संदेश में बच्चों को तनावमुक्त रहकर परीक्षा देने की प्रेरणा दी है।

### अनुशासन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, एडवोकेट मनदीप रावा, रोहित सैनी, आकाशदीप मैहला, गौरव सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत और अनुशासन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विद्यालय के प्रिंसीपल रामेश्वर दास ने परीक्षा सामग्री वितरण के लिए सुभाष कलसाना का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूल स्टॉफ में से ओमप्रकाश, नीरज, मीनू शर्मा, आकाशदीप मैहला, रतन सिंह, मनजीत कौर, फिरोज खान, हरमन सिंह, मुस्कान, मनदीप, कश्मीर, एकता, रवीता, परविंद्र सिंह, रविंद्र सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 5.444 किलोग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-2 की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बंदरी वाला मंदिर नजदीक रेलवे स्टेशन क्षेत्र से आरोपी को भारी मात्रा में नशीला पदार्थ सहित काबू किया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 5 किलो 444 ग्राम पदार्थ गाजा बरामद किया गया। सीआईए-2 स्टाफ द्वारा गश्त और चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 5 किलो 444 ग्राम मादक पदार्थ गाजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। उसकी पहचान बिहार के जिला पूर्णिया के गांव अकबरपुर के रहने वाले प्रमोद जयसवाल के तौर पर हुई है। पुलिस ने अब आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### कार चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज कार चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी विनित गौत्तम, शुभम गौत्तम व तौशीफ को गिरफ्तार किया है। एएनसी निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि शिकायतकर्ता मनिंद्र सिंह ने 19 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 अक्तूबर 2025 को बलदेव नगर पुल के नीचे से आरोपियों ने उसकी कार चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। आरोपियों से 20 हजार 500 रूपये की नकदी बरामद की गई है।

### फ्रॉड रोकने के लिए सुरक्षा फीचर जांच

**अंबाला।** एयरटेल ने स्पैम की समस्या से निपटने के अपने लगातार प्रयासों के तहत अपना नया एआई-पॉवर्ड फ्रॉड अलर्ट सिस्टम लांच किया है। यह फीचर ग्राहकों को ओटीपीसे जुड़े बैंकिंग फ्रॉड से रियल-टाइम में सुरक्षित रखने में मदद करेगा। आजकल धोखेबाज़ डिलीवरी, कस्टमर सपोर्ट या अन्य रोज़मर्रा की सेवाओं का बहाना बनाकर ग्राहकों पर जल्दबाज़ी का दबाव बनाते हैं और उनसे बैंकिंग ट्रांजेक्शन से जुड़ा ओटीपी सांझा करवा लेते हैं। जैसे ही ओटीपी सांझा किया जाता है जिससे ग्राहक के बैंक खाते में जमा राशि खतरे में पड़ जाती है।

## शैमफॉर्ड स्कूल में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

# फैशन शो, हरियाणवी नृत्य-वेस्टर्न डांस की सुंदर प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यक्रम महत्वपूर्ण


कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए स्टूडेंट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

■ कविता प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

शैमफॉर्ड स्कूल में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से किया गया, जिसने ज्ञान, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसका संपूर्ण संचालन कक्षा प्रथम के नन्हे विद्यार्थियों ने किया। द्विजदीप और यक्षित ने मंच संचालन आत्मविश्वास और प्रभावशाली शैली में किया, जिसे उपस्थित अभिभावकों ने खूब सराहा। स्वागत नृत्य भी कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। यक्षित धीमान ने "कभी इतिहास को पलट कर चल" विषय पर हिंदी कविता का प्रभावशाली पाठ किया, जबकि अगमजोत सिंह ने "सेव ट्री" विषय पर अंग्रेज़ी कविता प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में पर्व दुहन की माताजी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों की परवरिश, अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त फैशन शो, हरियाणवी नृत्य और वेस्टर्न डांस की आकर्षक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यालय के अध्यक्ष इंद्रजीत तथा प्रधानाचार्या रूबी शर्मा ने विद्यार्थियों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना करते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सम्पूर्ण कार्यक्रम हर्षोल्लास, अनुशासन और गरिमापूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### कानूनी जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी

# आठ सरकारी स्कूलों में छात्रों को साइबर फ्रॉड के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर


**शहजादपुर।** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते पैनल अधिवक्ता।

उपमंडल विधिक सेवा समिति द्वारा माननीय अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिविजन) एवं चेयरमैन सब डिविजनल लीगल सर्विसेज कमेटी चितेश गुप्ता के दिशा-निर्देशों में सब डिवीजन नारायणगढ़ के 8 सरकारी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम "डिजिटल दुनिया को प्रबंधित करना – सांझा करने से पहले सोचें" अभियान के अंतर्गत आयोजित किए गए। जीएसएसएस फतेहगढ़, जीएसएसएस बड़ी बस्सी, जीएसएसएस भड़ोग, धनाना, जीएसएसएस जटवाड़, जीएसएसएस कक्कड़मजरा, जीएसएसएस कडासन तथा जीएसएसएस कोडवा स्कूल में ये कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रमों में पैनल अधिवक्ताओं शुभकरण, अक्षिता, विष्णु वर्मा, विजय सिंह, दीप्ति बेगानी, गुरमीत सिंह, अंकुर पासी, संजीव तथा पैरा लीगल वालंटियर द्वारा छात्रों को डिजिटल सुरक्षा व कानूनी जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को झूठी खबरें फैलाने के दुष्परिणाम, सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के दुष्प्रभाव तथा ऑनलाइन ठगी से बचाव के बारे में जागरूक करना रहा।

#### 1930 पर सूचना दें

विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। साथ ही साइबर पुलिस हेल्पलाइन, लीगल एड सर्विसेज (विधिक सहायता सेवाएं) हेल्पलाइन तथा नारायणगढ़ सिविल कोर्ट में स्थापित फ्रंट ऑफिस की सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकथाम के कानूनी प्रावधानों और उसके दुष्परिणामों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

### कनाड़ा का वर्क परमिट वीजा दिलवाने के नाम पर 37 लाख की ठगी

■ पुलिस ने चंडीगढ़ की एक्सप्रेस एंट्री इमिग्रेशन सर्विसेज के पांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस

**अंबाला।** अंबाला शहर के सेक्टर-10 के रहने वाले सुखविंदर पाल सिंह ने चंडीगढ़ की एक इमिग्रेशन कंपनी पर कनाडा का वर्क परमिट और परिवार का वीजा लगवाने के नाम पर करीब 36.89 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। आरोपियों ने झांसा देने के लिए न केवल फर्जी दस्तावेज और जाली पासपोर्ट रिक्वेस्ट तक थमा दी। पुलिस ने शिकायत पर चंडीगढ़ की एक्सप्रेस एंट्री इमिग्रेशन सर्विसेज के डेविड अरोड़ा, मनदीप कौर, गुरदीप सिंह, गगन और सैम के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुखविंदर पाल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने विदेश जाने के लिए नवंबर 2024 में चंडीगढ़ सेक्टर-35 स्थित एक्सप्रेस एंट्री इमिग्रेशन सर्विसेज के मालिक डेविड अरोड़ा और बिजनेस पार्टनर मनदीप कौर से संपर्क किया था। आरोपियों ने दावा किया कि उनका कनाडा के एम्प्लॉयर से सीधा संपर्क है और वे 3-4 महीने में वर्क परमिट दिलवा देंगे। उनका सौदा 40 हजार कनाडाई डॉलर में तय हुआ। आरोपियों ने पंजीकरण के नाम पर उनसे 25 हजार नकद लिए और उसके बाद फाइल प्रोसेस करने के नाम पर अलग-अलग तारीखों में चेक के जरिए कुल 36,89,500 रुपये ऐंठ लिए है।

# कैंप में 550 विद्यार्थियों के दांत जांचे

■ श्री विश्वकर्मा हाई स्कूल में फ्री दंत जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


बराड़ा। बच्चों के दांतों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

सामाजिक सरोकारों की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए रोटरी क्लब द्वारा गांव सोहाना स्थित श्री विश्वकर्मा हाई स्कूल में निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर एमएम कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज़ एंड रिसर्च मुलाना के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के सहयोग से लगाया गया, जिसमें स्कूली बच्चों के दंत स्वास्थ्य की जांच की गई।शिविर के दौरान 550 विद्यार्थियों के दांतों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई। साथ ही बच्चों को दांतों की साफ-सफाई, सही ब्रश करने की विधि तथा दंत रोगों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉक्टरों ने बच्चों को बताया कि नियमित दंत जांच और सही देखभाल से भविष्य में होने वाली कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष हरपाल सिंह, उपाध्यक्ष बलकार सिंह, पूर्व अध्यक्ष रमेश सांगवान, दिलप्रीत सिंह, सदस्य साहिल वर्मा, गुणविंदर सिंह तथा साहिल शर्मा मौजूद रहे।

#### स्वास्थ्य सर्वोपरि

सभी पदाधिकारियों ने शिविर के आयोजन को बच्चों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। दंत चिकित्सा टीम में डॉ. अरुणेंद्र सिंह चौहान, डॉ. श्रुति बाठे, डॉ. जयर गिबी, डॉ. दीपा सिंह सहित इंटर्न रितुल, सयंतिका, चेष्टा और ओजस्विता ने सक्रिय भूमिका निभाई। राजीव ने भी सहायक के तौर पर शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है और ऐसे शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बनते हैं। विद्यालय प्रधानाचार्या पूनम धीमान ने कहा कि क्लब और चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता पैदा करते हैं।

# सर्वसम्मति से सुशील बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** प्रधान सुशील गोयल व्यापारियों की मीटिंग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

पुरानी अनाज मंडी (वार्ड 9)में व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य मंडी से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करना और एक मजबूत, पारदर्शी व प्रभावी संगठन का गठन करना रहा। बैठक में मंडी के सभी व्यापारियों ने आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता का परिचय दिया। इस अवसर पर सुशील गोयल को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। बिना किसी विरोध के उनके नाम पर सहमति बनना, व्यापारियों के बीच उनके प्रति गहरे विश्वास और सम्मान को दर्शाता है। व्यापारियों का मानना है कि सुशील गोयल के अनुभव और नेतृत्व में मंडी को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। नई कार्यकारिणी प्रधान सुशील गोयल पानीपत वाले के अलावा उप-प्रधान विमल अग्रवाल, सुभाष गोयल सचिव अनिल अग्रवाल उप-सचिव मनीष व कैशियर रवि अग्रवाल को चुना गया। कार्यकारिणी में बतौर सदस्य ओम चिल्ली नरेंद्र खरबंदा को चुना गया। प्रधान सुशील गोयल ने कहा कि वे सभी व्यापारियों को साथ लेकर चलेंगे और मंडी के विकास, पारदर्शिता, अनुशासन तथा व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देंगे। भरोसा दिलाया कि हर निर्णय व्यापारियों के हित में और सबको विश्वास में लेकर लिया जाएगा।

### वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

# तीन आरोपियों ने पांच लाख रुपये का कच्चा माल चुराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ भारी मात्रा में कॉपर व टिन रॉड गायब

शहर के गीता नगरी रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में तीन चोरों ने केबल फैक्टरी से करीब 5 लाख का कच्चा माल चुरा लिया। एक्टिवा सवार तीन शातिर चोर पहचान छिपाने के लिए मुंह पर कपड़ा लपेट कर आए हुए थे। यह वारदात फैक्टरी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। हालांकि चोरों की जैसे ही सीसीटीवी पर नजर पड़ी थी तो वारदात के बीच में ही डीवीआर की सप्लाई काट दी ताकि उनकी भागते हुए की फुटेज न आ सके। बलदेव नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मॉडल टाउन के आशीष सचदेवा ने पुलिस को बताया कि उनकी गोपी मिक्सी फैक्टरी के पास ए ए अलोएस के नाम से केबल बनाने की फैक्टरी है। 9 फरवरी की रात करीब 8 बजे वर्कर फैक्टरी को ताला लगाकर ऊपर बने क्वार्टरों में सोने चले गए थे। अगले दिन सुबह सुपरवाइजर अंकुश पहुंचा तो साथ वाले गेट का ताला टूटा मिला व अंदर से भारी मात्रा में कॉपर व टिन रॉड गायब थे। आकर फैक्टरी की फुटेज खंगाली तो पता चला कि रात के समय एक एक्टिवा पर सवार होकर तीन युवक आए थे।

# बाल विवाह को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज की भागीदारी बेहद जरूरी

■ 'बाल विवाह मुक्त भारत' कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर


**शहजादपुर।** बच्चों को जागरूक करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

गांव बिचपड़ी, भूड़माजरी, सलोला, भारापुर और कडासन में 'बाल विवाह मुक्त भारत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाना और लोगों को कानून की जानकारी देना रहा। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनीत सूद ने बिचपड़ी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। इसे जड़ से समाप्त करने के लिए समाज की जागरूक भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। गांव भूड़माजरी में आयोजित कार्यक्रम में सुपरवाइजर मनप्रीत कौर ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार विवाह के लिए लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष निर्धारित की गई है। इससे कम आयु में किया गया विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है जो दंडनीय अपराध है। बताया कि बाल विवाह करवाने या उसमें सहयोग करने पर दो वर्ष तक का कारावास और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

#### कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी

कार्यक्रमों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा महिलाओं ने भाग लिया। उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों, बालिकाओं की शिक्षा के महत्व और कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। गांव भूड़माजरी में आयोजित कार्यक्रम में सुपरवाइजर मनप्रीत कौर ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार विवाह के लिए लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष निर्धारित की गई है।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाकर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करना और बालिकाओं के सुरक्षित एवं सशक्त भविष्य को सुनिश्चित करना रहा।

### बुलेट पटाखा बजाने वालों पर शिकंजा

# ध्वनि प्रदूषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ फरवरी में उल्लंघन करने पर 12 बुलेट जब्त

सड़कों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस उन उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है जो अपनी बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर में बदलाव कर पटाखे जैसे शोर से आमजन को परेशान कर रहे हैं। पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर ऐसी मोटरसाइकिलों को पकड़ा जा रहा है जो निर्धारित मानकों का उल्लंघन कर रही है। इन वाहनों के चालकों द्वारा भीड़भाड़ वाले इलाकों में पटाखे बजाकर राहगीरों, विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों में दहशत पैदा की जा जाती है। पुलिस इन बुलेट मोटरसाइकिल का भारी भरकम चालान काट रही है तथा फरवरी माह में उल्लंघन करने वाले 12 बुलेट मोटरसाइकिलों को जब्त भी किया गया है। बलदेव नगर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह व प्रबंधक थाना सेक्टर -9 निरीक्षक सुनीता ढाका ने चेतावनी देते हुए कहा कि सड़कों पर स्टंटबाजी और ध्वनि प्रदूषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सीवरेज के टूटे पाइप से मिला शव, नहीं हो पाई पहचान

■ ठंड को माना जा रहा है मौत की वजह, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

**अंबाला।** अंबाला-जगाधरी हाईवे स्थित एसडी कॉलेज के पास शुक्रवार सुबह 11 बजे हाईवे किनारे पड़े सीवरेज के टूटे पाइप में एक व्यक्ति का शव मिला। देखते ही देखते राहगीरों व कॉलेज के छात्रों का जमावड़ा लग गया। पुलिस पहुंची तो शव के पास से कोई भी दस्तावेज नहीं मिला। आसपास केवल कुछ कपड़े ही पड़े थे। शव को शिनाख्त के लिए कैंट के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। हाउसिंग बोर्ड चौकी प्रभारी गुरदेव सिंह ने बताया कि इलाके के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। मृतक के शरीर पर किसी भी तरह की चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। शव की स्थिति को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि व्यक्ति की मौत प्राकृतिक कारणों या ठंड की वजह से हुई हो सकती है, हालांकि मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा।

**कार्यक्रम** | शिव जयंती महोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का किया आयोजन

# मनुष्य बाहरी साधनों में सुख खोजते हुए स्वयं को भूला

■ कार्यक्रम में शिव ध्वज लहराकर विश्व शांति का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़ा।** कार्यक्रम के दौरान बीके बहनें। फोटो : हरिभूमि

ब्रह्माकुमारीज़ विश्व शांति भवन सेवा केंद्र पर 90वीं शिव जयंती महोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शिव ध्वज लहराकर विश्व शांति का संदेश दिया गया तथा नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं शिवभक्त उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता के रूप में अंबाला कैंट से पधारे राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रानी दीदी एवं राजयोगिनी शोभा दीदी ने अपने दिव्य उद्बोधन से सभी को आध्यात्मिक प्रेरणा प्रदान की। शोभा दीदी ने कहा कि वर्तमान समय आत्म-जागृति का समय है। मनुष्य बाहरी साधनों में सुख खोजते-खोजते स्वयं को भूल गया है इसलिए अब परमात्मा की याद द्वारा स्वयं को पहचानने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि भारत पहले भी विश्व गुरु था। अब भी है और भविष्य में भी विश्व को आध्यात्मिक दिशा देने वाला बनेगा। इसी पावन भारत भूमि पर परमपिता शिव लगभग नब्बे वर्षों से अवतरित होकर मानव आत्माओं को सच्चे जीवन मूल्यों, पवित्रता, शांति और श्रेष्ठ कर्मों का मार्ग सिखा रहे हैं तथा आने वाले समय के प्रति मानव को जागरूक कर रहे हैं।

#### परमात्मा शिव निराकार ज्योति बिंदु स्वरूप

रानी दीदी ने शिव जयंती के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए बताया कि परमात्मा शिव निराकार ज्योति बिंदु स्वरूप हैं जो पतित संसार को पावन बनाने और मानव को देवत्व जीवन का मार्ग दिखाने हेतु इस धरा पर अवतरित होते हैं। उन्होंने राजयोग ध्यान की विधि समझाते हुए कहा कि परमात्मा से संबंध जोड़कर मनुष्य अपने जीवन में शांति, शक्ति और आनंद की अनुभूति कर सकता है तथा विकारों पर विजय प्राप्त कर सकता है। बीके सविता दीदी ने अपने उद्बोधन में सभी को शिव जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजयोग ध्यान के नियमित अभ्यास से व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मकता, संस्कारों की श्रेष्ठता और आपसी प्रेम-सद्भाव को बढ़ा सकता है। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों, आगंतुकों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में बहन हीना पाहावा अपने समस्त परिवार सहित उपस्थित रहीं तथा आदरणीय भ्राता सतनाम दास ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त एसएचओ विरेंद्र वालिया भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। मौके पर ज्ञानचंद जैन , कुसुम चौहान , सोनिया भराडा , दिनेश गुप्ता सहित अनेक समाजसेवी व शिवभक्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिनमें बच्चों एवं बहनों द्वारा भक्ति गीतों व नृत्य के माध्यम से आध्यात्मिक संदेश दिया गया। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को राजयोग ध्यान का सामूहिक अभ्यास करवाकर गहन शांति की अनुभूति कराई गई।